e-mail

पत्र संख्या–सं0का0–1 / वि0मं0(सत्र)–01–01 / 2025–............ /

**बिहार सरकार**

**संसदीय कार्य विभाग**

प्रेषक,

**अनुपम कुमार,**
**सचिव।**

सेवा में,

सरकार के सभी अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव,
सभी विभागाध्यक्ष, बिहार, पटना।

पटना, दिनांक............. 2025

***विषय :– राज्य में प्रवृत्त अध्यादेशों की प्रति सदन के पटल पर रखे जाने के संबंध में।***

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि पंचांग वर्ष 2024 में 29 नवम्बर, 2024 को सदन की बैठक की समाप्ति के बाद आपके विभाग द्वारा यदि कोई अध्यादेश जारी किया गया हो तो इसकी जानकारी संसदीय कार्य विभाग को दी जाय ताकि इसकी सूचना बिहार विधान सभा / बिहार विधान परिषद् सचिवालय को दी जा सके। साथ ही यह भी अनुरोध करना है कि बिहार विधान मण्डल के आगामी सत्र में अपने विभाग से संबंधित विधेयक के पुरःस्थापन की सूचना उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

यदि आपके विभाग से संबंधित कोई विधेयक सदन में लाने का प्रस्ताव हो तो विधि विभाग से तुरंत सम्पर्क कर विधान मंडल के सत्रारम्भ के पूर्व ही उसे विधान सभा को भेजना सुनिश्चित किया जाय।

कृपया इसे अत्यावश्यक समझा जाय।

**विश्वासभाजन,**

ह0 / –
**(अनुपम कुमार)**
**सचिव।**

ज्ञाप संख्या–सं0का0–1 / वि0मं0(सत्र)–01–01 / 2025–143 / पटना, दि0–17.02.2025

प्रतिलिपि–आई0टी0 मैनेजर, संसदीय कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

17/02/25

**(नवीन)**
**सरकार के अपर सचिव।**

Ayub